DEVHRI-JNR0ACCT/1/2026-EXN-JNR-HRI

# जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा के सम्बन्ध में दिनांक 07.07.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 07.07.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी के साथ मुख्य विकास अधिकारी, महोदया, सहायक अभियन्तागण, अवर अभियन्तागण जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई, जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) व टी.पी.आई से डी.टी.एल. के साथ-साथ कार्यदायी संस्था के ब्लॉक इंचार्ज उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये-

1. जनपद में गत माह, आयोजित मासिक बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद की कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड को यह निर्देशित किया गया था कि अगले मासिक बैठक तक पेयजल योजना तेरापुरसौली के पम्प हाउस तथा दहिरापुर के बाउंड्री वॉल का कार्य शत्-प्रतिशत् पूर्ण कर अवगत करायें। परंतु समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन में यह पाया गया कि पेयजल योजना दहिरापुर के बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य तो पूर्ण है परंतु पेयजल योजना तेरापुरसौली के पम्प हाउस का निर्माण कार्य मात्र लिंटल लेवल तक ही पूर्ण है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया की तेरापुरसौली के पम्प हाउस का शेष कार्य दिनांक 20.07.2026 तक पूर्ण कर अवगत करावें।

   **(कार्यवाही- परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई)**

2. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन में यह पाया गया कि 06 पेयजल योजनाओं के पम्प हाउस का निर्माण कार्य शेष है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कारण पूछने पर जनपद की कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक द्वारा यह बताया गया कि उक्त योजनाओं में बोर फेल हो जाने के कारण कार्य प्रभावित हुआ है तथा वर्तमान में 04 नग बोरिंग पर ओ0पी0 यूनिट का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि उक्त 04 नग पम्प हाउस का कार्य (जिन बोरिंग पर ओ0पी0 यूनिट का कार्य प्रगति पर है) स्लैब लेवल तक दिनांक 20.07.2026 तक पूर्ण कर अवगत करायें।

   **(कार्यवाही- परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई)**

3. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन में यह पाया गया कि जनपद में फेज-3 के अंतर्गत कुल 1468 राजस्व ग्रामों में से 1187 राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है शेष 281 राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति नहीं की जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद की कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि अगले 15 दिनों में से 281 राजस्व ग्रामों में से कम से कम 05 राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति कराते हुए अवगत करायें।

   **(कार्यवाही- परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई)**

4. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन में यह पाया गया कि माह जून 2026 में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर जल निगम (ग्रामीण) से संबंधित कुल 2476 शिकायतें दर्ज पायी गयी जिसमें से 1165 शिकायतें नियमित जलापूर्ति, 755 शिकायतें टैप कनेक्शन, व 467 शिकायतें लीकेज की दर्ज की गयी है जबकि प्रतिमाह आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा यह निर्देशित किया जाता रहा है कि उक्त पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की संख्या न्यूनतम होनी चाहिए परंतु प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन से यह प्रतीत हो रहा है कि जनपद की कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति अपेक्षित गंभीरता नहीं ली जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) को यह निर्देशित किया गया कि प्रस्तुत विवरण पत्र के अनुसार जिन-जिन अवर अभियंताओं के क्षेत्र से 150 से ऊपर शिकायतें पोर्टल पर दर्ज पायी गयी हैं उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया जाये।

   **(कार्यवाही- अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हरदोई)**

5. समीक्षा बैठक में जनपद की कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक द्वारा यह समस्या जिलाधिकारी महोदय के समक्ष रखी गयी कि ग्रामीण पेयजल योजना बघौली के कुछ मजरे रेलवे क्रॉसिंग से प्रभावित है तथा रेलवे विभाग द्वारा एन.ओ.सी. न दिए जाने के कारण कार्य प्रभावित है तथा पी.डब्ल्यू.डी. विभाग द्वारा भी कुछ ग्रामों में सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है यदि रेलवे क्रॉसिंग के उस पार ग्राम समाज की भूमि उपलब्ध करा दी जाए तो

वह दूसरी टंकी बनाकर समस्त ग्रामीणों को नियमित जलापूर्ति कराते रहेंगे। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि वे बघौली ग्रामीण पेयजल योजना के लिए भूमि उपलब्ध कराने हेतु तहसील को पत्र तथा सड़क चौड़ीकरण के कार्य हेतु पी.डब्ल्यू.डी. के अधिशासी अभियंता के साथ बैठक के लिए पत्र जारी करायें।

**(कार्यवाही- अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हरदोई)**

6. समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) को यह भी निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के कार्यों का सत्यापन जिला स्तरीय अधिकारियों से कराया जा रहा है। समस्त अधिकारियों की सत्यापन आख्या संकलित कर अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करें।

**(कार्यवाही- अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हरदोई)**

Digitally signed by
MANISH GANGWAR
Date: 13-07-2026
15:59:22

**अधिशासी अभियंता,**
**जल निगम (ग्रामीण),**
**हरदोई।**

अनुमोदित
Digitally signed by
ANUNAYA JHA
जिलाधिकारी
Date: 14-07-2026
10:56:35
हरदोई।

**अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हरदोई।**

**पत्रांक** 3953 / ग्रा-70 / 1067 **दिनांकः** 14/7/26

**प्रतिलिपिः-**

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. समस्त सहायक अभिन्यता/जू0 इंजीनियर्स (खण्डान्तर्गत) को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
5. डी0टी0एल0, हरदोई, को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**अधिशासी अभियंता,**
**जल निगम (ग्रामीण),**
**हरदोई।**